ont>

Title: Need to set up forest based industries in Singhbhum parliamentary constituency to generate employment for Adivasis.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम) : मेरे संसदीय क्षेत्र सिंहभूम में वन संबंधित कच्चा माल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है और वन आधारित उद्योग स्थापित करने में इस क्षेत्र में काफी सम्भावना है, परंतु सरकार ने इस तरफ आज तक कोई ध्यान नहीं दिया है, जिसके कारण कीमती लकड़ियां एवम् कई जड़ी-बूटियां बेकार चली जाती हैं। इस क्षेत्र में आदिवासी बहुत तादाद में रहते हैं, जो रोजगार की तलाश में अन्य शड्रों में चले जाते हैं। अगर यहां पर वन आधारित उद्योग की स्थापना की जाए तो वन संबंधित उत्पादन को कम लागत पर तैयार किया जासकता है और सबसे फायदा यहां से दूसरे शहरों में हो रहे पलायनों को रोका जा सकता है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है, मेरे संसदीय क्षेत्र सिंहभूम में वन आधारित उद्योगों की स्थापना हेतु पहल की जाए और उन्हें प्रोत्साहित किया जाए।